भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली पर प्रशिक्षण कार्यशाला-श्रृंखला का उद्घाटन

माननीय निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के मार्गदर्शन में भा.वा.अ.शि.प.- वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में संसदीय राजभाषा की तीसरी उपसमिति द्वारा आयोजित होने वाली राजभाषाई निरीक्षण के बारे में कार्मिकों को जागरूक करने के लिए दिनांक 28.02.2025 को निरीक्षण प्रश्नावली पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। निदेशक महोदय ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में संसदीय राजभाषा समिति के विस्तृत एवं विविधता से भरी निरीक्षण प्रश्नावली के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए सभी प्रभागों/केंद्रों/अनुभागों/प्रकोष्ठों आदि से निरीक्षण प्रश्नावली संबंधी आँकड़े संग्रह कर आगे सभी प्रभागाध्यक्षों/अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित करवाने का निर्देश दिया। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने निरीक्षण संबंधित आवश्यक तथ्य साझा किए तथा निरीक्षण प्रश्नावली संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला की कुछ झलकियाँ इस प्रकार हैं-

कार्यशाला में कार्मिकों के मार्गदर्शन के लिए उपस्थित संस्थान निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी

Parliamentary Committee on
Official Language and its
Inspection Questionnaire
SHANKAR SHAW

ভাঃ বঃ অঃ শিঃপঃ- বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
भा.वा.अ.शि.प.- वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
ICFRE-RAIN FOREST RESEARCH INSTITUTE
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH & EDUCATION
Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Government of India

****